हरिभूमि
# महेन्द्रगढ़-नारनौल भूमि
रोहतक, बुधवार, 30 अप्रैल 2025

11 अक्षय तृतीया पर श्रीगौड़ सभा कनीना में किया हवन



12 नरेश टिकैत के देशद्रोही बयानबाजी के खिलाफ...



## खबर संक्षेप

### कपिल बने सनातन सेवा न्यास के प्रदेश उपाध्यक्ष

**नारनौल।** कपिल भारद्वाज को सनातन सेवा न्यास का प्रदेश उपाध्यक्ष की बड़ी जिम्मेदारी सौंपी गई है। सनातन सेवा न्यास के प्रदेश अध्यक्ष अक्षय गिरी ने राष्ट्रीय अध्यक्ष हरिओम मिश्रा से चर्चा के बाद यह निर्णय लिया है। कपिल भारद्वाज को सनातन सेवा न्यास का प्रदेश उपाध्यक्ष होने के साथ महेंद्रगढ़, भिवानी, चरखी दादरी व रेवाड़ी जिले का प्रभारी भी बनाया गया है। कपिल भारद्वाज ने खुद को मिली इस बड़ी जिम्मेदारी को लेकर राष्ट्रीय अध्यक्ष हरिओम मिश्रा व प्रदेश अध्यक्ष अक्षय गिरी का हृदय से आभार प्रकट किया है। साथी कहा है कि उन्हें संगठन ने जो जिम्मेदारी सौंपी है, उसे पूरी निष्ठा के साथ निभाने की कोशिश करेंगे।



नारनौल। कपिल भारद्वाज।

### कनीना में थाना अध्यक्ष ने संभाला कार्यभार

**कनीना।** सदर थाना इंचार्ज निरीक्षक जितेंद्र सिंह का स्थानांतरण होने के बाद नए थाना इंचार्ज सज्जन वशिष्ठ ने अपना कार्यभार ग्रहण कर लिया है। जितेंद्र सिंह की ओर से भले ही कनीना में कम समय सेवाएं दी गई, लेकिन कानून व्यवस्था बनाए रखने में महत्वपूर्ण भूमिका अदा की। थाना अध्यक्ष सज्जन वशिष्ठ ने अपना कार्यभार ग्रहण करने के बाद अनुसंधान अधिकारियों व कार्यालय कर्मियों से बैठक कर कहा कि पुलिस अधीक्षक पूजा वशिष्ठ के दिशानिर्देश में क्षेत्र में कानून व शांति व्यवस्था बनाए रखने के लिए सख्ती से कार्य किया जाएगा।

### संदीप बने गुरु रविदास सेवा समिति के प्रधान

**महेंद्रगढ़।** शहर के मौहल्ला महायचान स्थित गुरु रविदास मंदिर में एक सभा का आयोजन किया गया, जिसने गुरु रविदास सेवा समिति की नई कार्यकारिणी गठित की गई। बैठक में सभी सदस्यों ने अपनी सहमति से महावीर प्रसाद को सर्वेसर्वा नियुक्त किया गया। इसके अलावा प्रधान पद के लिए संदीप महायच को चुना गया। उपप्रधान के लिए मुकेश प्लंबर को चुना गया और कोषाध्यक्ष के लिए दीपक महायच व सचिव पद के लिए दिलबाग सिंह लोमरोड को चुना गया। नवनियुक्त प्रधान ने सभी सदस्यों का आभार जताया।

### सैनी क्षत्रिय सभा की आमसभा 15 मई को

**महेंद्रगढ़।** सैनी क्षत्रिय सभा रजि. महेंद्रगढ़ की आम सभा 15 मई को सुबह आठ बजे सभा भवन में होगी। सभा की अध्यक्षता उपप्रधान कैलाशचंद सैनी करेंगे। सभा के सचिव रूड़मल सैनी ने बताया कि सैनी क्षत्रिय सभा की आम बैठक 15 मई को सुबह 9 से 12 बजे तक होगी। बैठक में सचिव व सहसचिव द्वारा सभा का गत वर्ष का आय-व्यय का लेखा-जोखा प्रस्तुत किया जाएगा।

## नपा ने वार्ड 4 में सफाई अभियान



महेंद्रगढ़। अभियान के दौरान सफाई करते कर्मचारी।

■ सफाई हमारे स्वस्थ्य का आधार स्तंभ

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महेंद्रगढ़

स्वच्छ भारत अभियान के तहत नगर पालिका ने शहर के वार्ड नंबर चार में सफाई अभियान चलाया। अभियान के तहत वार्ड में गलियों, नालियों व सड़कों की सफाई की गई। नगर पालिका सचिव अनिल कुमार ने कहा कि सफाई अभियान का मुख्य उद्देश्य लोगों को साफ सफाई के प्रति जागरूक करना है। लोगों की भागीदारी से ही शहर को गंदगी से मुक्त किया जा सकता है। शहर के विभिन्न वार्डों में सफाई कर लोगों को अभियान के साथ जोड़ा जाएगा।

उन्होंने कहा कि सफाई हमारे स्वस्थ्य का आधार स्तंभ है। घरों आसपास नियमित रूप से सफाई करने से बीमारियां नहीं फैलती हैं। लोगों को कचरा सड़क अथवा गली में डालने के स्थान पर डस्टबीन में एकत्रित करके नगर पालिका के डोर-टू-डोर वाहन में डालना चाहिए, ताकि शहर की सड़कों पर गंदगी ने फैले। उन्होंने सफाई कर्मचारियों को सभी वार्डों में नियमित रूप से गलियों एवं नालियों की सफाई करने के निर्देश दिए और कहा कि आसपास सफाई रहेगी तो हम सभी स्वस्थ रहेंगे। इस मौके पर सफाई दरोगा रिंकू उर्फ सुमित सहित अनेक कर्मचारी उपस्थित रहे।

## जैलाफ गांव में15 दिनों से पानी की सप्लाई नहीं



नारनौल। गांव जैलाफ में पानी के अभाव में खाली पड़ी पानी की टंकी। फोटो: हरिभूमि

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नारनौल

■ ग्रामीण पेयजल किल्लत का सामना कर रहे

गांव जैलाफ में गर्मी के मौसम ग्रामीणों को पेयजल के लिए परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। इस बारे में ग्रामीण सामाजिक कार्यकर्ता छाजूराम रावत ने बताया कि गांव जैलाफ में खारिया वाली टंकी व कैलाश वार्ड पंच प्रतिनिधि के घर के पास वाली टंकी में पिछले एक पखवाड़े करीब 15 दिनों से पानी की सप्लाई नहीं होने पर इन दोनों वार्ड वासियों को भंयकर गर्मी के मौसम में पानी के लिए परेशानी उठानी पड़ रही है। उन्होंने प्रशासन से गांव की नवनिर्मित पानी की टंकियों में पानी कनेक्शन करने, पशु पक्षियों व मवेशियों के लिए गांव के बड़े जोहड़ को नहरी पानी से भरने की मांग की। वार्ड पंच कुलदीप ने बताया कि वार्ड की खारिया वाली टंकी में पिछले 15 दिनों से पानी नहीं आ रहा, इसी तरह वार्ड पंच राजबाला ने बताया कि उनके वार्ड में बनी पानी की टंकी में भी पिछले 15 दिनों से पानी नहीं आ रहा। जिससे इन टंकियों से जुड़े परिवारों को इस भंयकर गर्मी के मौसम में भारी परेशानी हो रही है। कुलदीप पंच व राजबाला पंच ने वार्ड की टंकियों में पानी सप्लाई की मांग की है। गांव के बड़े जोहड़ को अबकी बार एक दो दिन में आने वाली नहर की बारी में नहरी पानी से भरने व गांव के नवनिर्मित सहित टंकियों में पानी कनेक्शन करने हेतु ग्राम पंचायत सदस्य पंच मुकेश कुमार, कुलदीप पंच, त्रिलोक चन्द पंच, राजबाला पंच, सुमित्रा पंच व छितरमल नम्बरदार, छाजूराम रावत, बंशीलाल, दिनेश ने प्रशासन से निवेदन किया है। छाजूराम रावत ने बताया कि इस समय इलाके में भंयकर गर्मी पड़ रही है। ऐसे में गांव की सभी टंकियों में पेयजल आपूर्ति सुनिश्चित की जाए तथा पशु पक्षियों के जीवन के लिए एक दो दिन में आने वाली दोचाना माइनर से गांव के जोहड़ को भरा जाए।

### अस्पताल आने वाले मरीजों को नि:शुल्क चिकित्सीय परामर्श के साथ दवा कराई जाती उपलब्ध

# नागरिक अस्पताल में कैल्शियम की गोली ही नहीं मरीज बाहर से महंगे दामों पर खरीदने को मजबूर

अस्पताल में दर्द की ट्यूब भी काफी दिनों से खत्म, मरीजों को उठानी पड़ रहीं हैं परेशानी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महेंद्रगढ़

■ बाजार से खरीदने पर करीब 60-70 रुपये खर्च हो जाते

शहर के नागरिक अस्पताल में इस समय कैल्शियम की टेबलेट का संकट खड़ा हो गया है। कई दिनों से यह दवा अस्पताल के स्टॉक में नहीं है। इसकी वजह से यहां पर आने वाले मरीज बाहर से महंगे दामों पर दवा खरीदने को मजबूर हो रहे हैं। उनको सरकारी सुविधा का लाभ नहीं मिल रहा है। दवा खरीदने के लिए अधिक जेब खर्च ढीली करनी पड़ रही है।

नागरिक अस्पताल आने वाले मरीजों को निःशुल्क चिकित्सीय परामर्श के साथ ही दवा उपलब्ध कराई जाती है। इस समय मरीजों को अस्पताल से दवा मिलना ही मुश्किल हो रही है।

सरकारी अस्पताल में कैल्शियम की दवा नहीं होने के कारण मरीजों मुख्य रूप से गर्भवती महिलाओं को काफी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। अस्पताल में काफी दिनों से कैल्शियम की गोली समाप्त हो गई है। यह गोली अधिकतर मरीजों को दी जाती है। चिकित्सक मरीजों को पर्ची पर कैल्शियम की गोली लिख देते है जब वह दवा काउंटर पर जाते है तो उन्हें मायूसी हाथ लगती है।

इससे मजबूरी में मरीज बाहर के मेडिकल स्टोरों से दवा ले रहे हैं। मरीजों का कहना है अस्पताल में यह दवा निःशुल्क मिलती है। बाजार से खरीदने पर करीब 60-70 रुपये खर्च हो जाते हैं। इसकी वजह से बहुत दिक्कतें आ रही है। यह सिर्फ प्रशासन की लापहवाही ही है।




महेंद्रगढ़। नागरिक अस्पताल का भवन। फोटो: हरिभूमि

### अस्पताल में दर्द की ट्यूब भी काफी दिन से खत्म

शहर के नागरिक अस्पताल में दर्द की ट्यूब भी काफी दिनों से खत्म होने के चलते मरीजों को परेशानी का सामना करना पड़ रहा हैं। सबसे ज्यादा दिक्कत सड़क दुर्घटना में घायल मरीज व बुजुर्गो को उठानी पड़ रही हैं। इसके अलावा घुटनों, पैर, कमर, जोड़ों के दर्द वालू मरीजों को परेशानी हो रहीं हैं। यह मरीज भी काफी दिनों से नागरिक अस्पताल में दर्द की ट्यूब लेने के लिए चक्कर काट रहें हैं। मरीजों को बाहर मेडिकल स्टोर पर दर्द की ट्यूब महंगे दाम पर लेने को मजबूर हैं।

### इनको दी जाती है कैल्शियम

बता दें कि कैल्शियम की जरूरत लगभग सभी मरीजों को पड़ती है। अगर शरीर में कैल्शियम नहीं होगा तो शरीर में तमाम तरह के रोग उत्पन्न हो जाते है। हड्डी रोग के मामलों में अधिकतर कैल्शियम की जरूरत होती है। हड्डी टूटने के बाद जुड़ने में कैल्शियम का अहम भूमिका होती है। गर्भवती महिलाओं को कैल्शियम दी जाती है। छोटे बच्चों को अगर दांत निकलने में दिक्कत होती है तो कैल्शियम दी जाती है। इसलिए इस गोली बहुत ही कारगार है।

### मरीज बोले-दवा काउंटर पर जाते हैं तो मायूसी मिलती

मरीज संदीप, भाग्यश्वेरी मोनिका, राजेश, पिंकी, भारती, रानी आदि ने कहा कि नागरिक अस्पताल में काफी दिनों से कैल्शियम की गोली नहीं है। सरकारी सुविधा का लाभ नहीं मिल रहा है। डाक्टर पर्ची पर कैल्शियम की गोली लिख देते है जब वह दवा काउंटर पर जाते है तो उन्हें मायूसी हाथ लगती है। इससे मजबूरी में बाहर के मेडिकल स्टोरों से दवा ले रहे हैं।

### ठेके का दरवाजा तोड़ा सेल्समैन से मारपीट

■ पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू की

**नारनौल।** अटेली थाना के गांव मोहनपुर में गांव के ही युवकों द्वारा शराब के ठेके का दरवाजा बाइक से तोड़ने तथा सेल्समैन के साथ मारपीट करने का मामला सामने आया है। पीड़ित ठेके के सेल्समैन संदीप ने पुलिस में शिकायत दी है। पीड़ित संदीप ने बताया कि अटेली के गांव मोहनुपर निवासी है तथा वह मोहनपुर गांव में ही बने शराब के ठेके पर सेल्समैन लगा हुआ है। इस शराब के ठेके पर बीते दिनों गांव मोहनपुर के ही रवि तथा प्रदीप नामक दो युवक आए। वहां पर आते ही उन्होंने उसके साथ गाली गलोच शुरू कर दिया, उसके कुछ नहीं बोलने पर वे वहां से चले गए। थोड़ी देर बाद वे रात को करीब साढ़े 11 बजे दोबारा से बाइक पर सवार होकर ठेके पर आए। फिर से गाली गलोच करने लगे। उस समय वह ठेका बंद करके सो गया था। तब उन्होंने ठेके का दरवाजा बंद होने के कारण दरवाजा खोलने के लिए बोला, जब उसने दरवाजा नहीं खोला तो दोनों ने बाइक से लकड़ी का दरवाजा तोड़ दिया। इसके बाद उन्होंने लकड़ी डंडे से उसकी मारपीट की। वे उसको मारते हुए ठेके से बाहर ले गए तथा वहां पर भी उसको बुरी तरह से मारा। उसको पीटने के बाद चले गए।

## सड़क दुर्घटना में एक की मौत

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महेंद्रगढ़

सड़क दुर्घटना में एक व्यक्ति की मौत हो गई। वह घर से मोटरसाइकिल पर किसी कार्य से सतनाली आ रहा था। रास्ते में दूसरी मोटरसाइकिल ने टक्कर मार दी। बेटे की शिकायत पर सतनाली पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू की। राजस्थान के गांव कुहाड़वास जिला झुंझुनू निवासी रवि कुमार ने पुलिस में शिकायत दी है। उसने बताया कि उसका लगभग 48 वर्षीय पिता बानवीर 28 अप्रैल को घर से मोटरसाइकिल लेकर सतनाली के लिए कह कर आया था। उसे सूचना मिली कि उसके पिता बानवीर सिंह का गांव बांस सतनाली के नजदीक एक्सीडेंट हो गया, जिससे उसकी मौत हो गई। सूचना पाकर वह अपने परिवार के सदस्यों के साथ सरकारी अस्पताल सतनाली पहुंचे। वहां उसने शव की शिनाख्त की तो वह शव उसके पिता बानवीर सिंह का था। यह एक्सीडेंट एक मोटरसाइकिल ड्राइवर ने तेज गति से अपनी मोटरसाइकिल को चलाता हुआ आया और उसके पिता की मोटरसाइकिल में टक्कर मार दी। इस समय एक ट्रैक्टर भी तेज गति से आया उसने भी टक्कर मार दी, जिससे उसके पिता की मौत हो गई।

### अज्ञात वाहन की चपेट में आने से व्यक्ति की मौत

मंडी अटेली। अटेली-कनीना सड़क मार्ग पर गोमला के समीप अज्ञात वाहन की चपेट में आने से व्यक्ति की मौत हो गई है। मृतक व्यक्ति के छोटे भाई ने पुलिस को शिकायत दी है। पुलिस में दर्ज शिकायत में मोहल्ड़ा निवासी दलीप सिंह ने बताया कि गत 28 अप्रैल की रात्रि को लगभग 12 बजे अटेली कनीना सडक पर गोमला बस स्टैण्ड के समीप शेरसिंह के कुएं के समीप उसके बड़े भाई रामानंद का अज्ञात वाहन से टक्कर मार दी। टक्कर इतनी जोरदार थी कि उसके भाई ने मौके पर ही दमतोड़ दिया। अटेली पुलिस ने अज्ञात वाहन चालक पर मामला दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी।

### मारपीट करने के मामले में एक और गिरफ्तार

**नारनौल।** गांव छोड़ने के बहाने गाड़ी में बैठाकर मारपीट करने, गले से चेन तोड़ने, नकदी व फोन छीनने के मामले में थाना शहर पुलिस ने एक और आरोपित को गिरफ्तार कर लिया है। आरोपित की पहचान पुष्पेंद्र वासी गहली के रूप में हुई है। पुलिस ने आरोपित को कोटपुतली क्षेत्र से गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपित से नकदी बरामद की है। आरोपित को न्यायालय में पेश किया गया। इस मामले में दो आरोपितों अरुण वासी गहली व अनिल वासी श्यामकलान थाना बाढ़डा जिला चरखी दादरी को पहले गिरफ्तार किया था और वारदात में प्रयोग की गई बुलेरो बरामद कर जब्त कर ली थी।

आरोपितों ने शहर नारनौल क्षेत्र में सिंघाना रोड से भांखरी जाने वाले एक व्यक्ति को गाड़ी में लिफ्ट दी थी, रास्ते में आरोपितों ने उसके साथ मारपीट कर नकदी व फोन छीन लिया था।

### नशा न करने की शपथ



### कोजिंदा विद्यालय में नशा मुक्ति व सडक़ सुरक्षा पर कार्यक्रम आयोजित

नारनौल। उपायुक्त डा. विवेक भारती के दिशा निर्देशानुसार व जिला शिक्षा अधिकारी संतोष चौहान के मार्गदर्शन में मंगलवार को राजकीय माध्यमिक विद्यालय कोजिंदा व ढाणी कोजिंदा में सड़क सुरक्षा तथा नशा मुक्ति पर जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया। इस अवसर पर रेडक्रॉस ब्रिगेड ऑफिसर अशोक कुमार व त्रिभुवन वर्मा ने संयुक्त रूप से छात्र छात्राओं को संबोधित करते हुए सड़क सुरक्षा के नियमों के बारे में बताया तथा नशे से दूर रहने के लिए प्रेरित किया। इस मौके पर ढाणी कोजिंदा माध्यमिक विद्यालय के मौलिक मुख्य अध्यापक महासिंह ने नशे के दुष्परिणामों के बारे में अवगत कराते हुए कहा कि नशा मनुष्य की सामाजिक निष्ठा व धार्मिक प्रवृत्ति को नष्ट करता है। इसके बाद सभी छात्राओं व स्टाफ सदस्यों ने नशे से दूर रहने के लिए शपथ ली। इस मौके पर दोनों माध्यमिक स्कूलों के अध्यापक अमित यादव, धर्मेंद्र यादव, स्नेहलता, सुमनलता, दिनेश यादव, रविंद्र कुमार, अविनाश यादव, मनीषा, महेश कुमार, संजय वर्मा, इंद्रजीत, तमन्ना आदि मौजूद थे।

### सिहमा में पिता ने पेश की मिसाल



### बेटों की तरह बेटी का निकाला बनवारा

मंडी अटेली। आज के समय में हम दिन-प्रतिदिन आधुनिकता की ओर अग्रसर होते जा रहे हैं। हमारे पूरे देश में सभ्यता और संस्कृति की विशेष झलक देखने को मिलती है। इसी तरह की मिसाल सिहमा के राजकुमार ने बेटा-बेटी के फर्क को दूर करने के लिए एवं लोगों को बेटियों के प्रति जागरूक करने के लिए अपनी बेटी का बनवारा बैंडबाजे के साथ निकाला। इस मौके पर लड़की के दादा बनवारी लाल ने बताया किआज के समय बेटियां बेटों से कम नहीं हैं। शिक्षा, सेना व खेल के क्षेत्र के साथ-साथ अन्य विभिन्न क्षेत्रों में भी लड़कियों का विशेष योगदान है। अंत में लड़की के पिता राजकुमार ने बताया कि अब लड़का और लड़की के बीच भेदभाव की पुरानी परंपराएं समाप्त हो रही है। दिव्या की शादी 30 अप्रैल को राता मोहल्ड़ा निवासी मंजीत के साथ होगी। दिव्या ने बताया कि उनके पारिवारिक वातावरण में हमेशा से ही बेटा और बेटी को समान समझा गया है। इस मौके पर लड़की की दादी मेवा देवी, रवि दत्त, संतोष, गीता, मंजू, शशि, सोनिया, महेश, हवा सिंह, राहुल, संजय, नीरज, विपिन आदि लोग उपस्थित रहे।

### ग्राम वासियों की ओर से मिलन सम्मेलन का आयोजन

# तीन महीनों में गांव में 1500 पेड़ लगाने का निर्णय

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नारनौल

गांव धनौन्दा का 762वां स्थापना दिवस ग्रामवासियों ने धूमधाम से मनाया। इस अवसर पर ग्राम वासियों की ओर से मिलन सम्मेलन का आयोजन किया गया। गांव के श्री बाबा दयाल मंदिर प्रांगण में प्रमुख समाजसेवी नेताजी अतरलाल एडवोकेट ने गणमान्यों के साथ बाबा भैंया पर पुष्प अर्पित कर सम्मेलन का शुभारम्भ किया। सम्मेलन में ग्रामवासियों ने अगले तीन महीनों में गांव में 1500 पेड़ लगाने का सर्वसम्मति से निर्णय लिया। नेताजी अतरलाल ने कहा कि गांव में 1500 घर हैं, इसलिए ग्रामवासियों ने अगले तीन महीनों में 1500 पौधे लगाकर गांव को हरा भरा तथा पर्यावरण अनुकूल बनाने का संकल्प लिया है। गांव के स्थापना दिवस के अवसर पर ग्रामवासियों ने बड़, पीपल तथा नीम की त्रिवेणी लगाकर इस अभियान की शुरूआत की। इस अवसर पर गांव के 80 वर्ष से अधिक आयु के 11 बुजुर्गों भंवर सिंह, बहादुर सिंह, सूबेदार मेजर मदन सिंह, पंडित मिठनलाल, सेठ बिशम्बर दयाल, ठाकुर अमर सिंह, फूलसिंह, सूरजभान, पहलवान रामपाल शेखावत, दादा मनोहर सिंह व ताराचंद योगी को पगड़ी तथा फूल मालाएं पहनाकर सम्मानित किया। ठाकुर रतनसिंह चेयरमैन, राजेन्द्र सिंह नम्बरदार, कैप्टन ओमपाल सिंह, सूबेदार मेजर मदन सिंह ने गांव के इतिहास पर प्रकाश डालते हुए बताया कि विक्रमी संवत 1321 की वैशाख सुदी दोज को खुडाना निवासी ठाकुर नीमराव सिंह उर्फ नाभा सिंह ने अपने पिताजी ठाकुर धनजी सिंह के नाम पर धनौन्दा गांव बसाया।



नारनौल। बाबा भैंया पर पुष्प अर्पित कर सम्मेलन की शुरूआत करते ग्रामीण।

### गांव की 761 वर्ष की जीवन यात्रा गौरवशाली

हैडमास्टर सूरत सिंह, प्रहलाद सिंह ने कहा कि गांव की 761 वर्ष की जीवन यात्रा बहुत समृद्ध और गौरवशाली रही है। गांव के अनेक बासिंदों ने खेल, सेना, फिल्म जगत, अध्यापन, राजनीति, चिकित्सा व अन्य क्षेत्रों में महत्वपूर्ण उपलब्धियां हासिल कर गांव का नाम रोशन किया है। लोगों ने जय गांव धनौन्दा, जय बाबा भैंया, जय बाबा दयाल के जोरदार नारे लगाए। कार्यक्रम में पहुंचे जांगिड़ समाज के प्रधान सीताराम जांगिड़ सेहलंग ने ग्रामवासियों को स्थापना दिवस की बधाई दी और सभी से गांव के विकास के लिए मिलजुल कर कार्य करने की अपील की।

### मौके पर यह रहे मौजूद

इस मौके पर रतनसिंह चेयरमैन, कैप्टन ओमपाल सिंह, कैप्टन मदन सिंह, राजेन्द्र सिंह नम्बरदार, किशनपाल, मीरसिंह वैद्य, पवन प्रधान, सुनील पंच, कैलाश सेठ, मास्टर सूरतसिंह, मास्टर प्रहलाद सिंह, हवलदार देशराज सिंह, सुभाष सिंह, मुकेश स्वामी, पन्नालाल सेन, कमल सिंह, रामबीर पंच, सुबेसिंह दहिया, उमेद सिंह बाल्मीकि, लीलाराम बाल्मीकि, गिरधारीलाल योगी, फूलसिंह धानक, मानसिंह पंच, अजय जांगड़ा, चिमनलाल दायमा, सुभाष डुड्डी, डा. कंवरपाल सिंह, विजयपाल सिंह, बिजेन्द्र सिंह, धर्मबीर, थानेदार बलबीर सिंह, गोविन्द पंडित, शिवकुमार स्वामी, प्रमोद, मास्टर भारत, ओमप्रकाश जोशी, मुरलीधर दहिया, हनुमान, गोपाल, महेन्द्र सिंह फौजी आदि मौजूद थे।





# प्रभास की 'बाहुबली' सिनेमाघरों में फिर हो रही री-रिलीज...

**मुंबई।** अभिनेता प्रभास की 'बाहुबलीः द बिगिनिंग' हिंदी सिनेमा की कालजयी फिल्मों में से एक है। एसएस राजामौली के निर्देशन में बनी यह फिल्म 10 जुलाई, 2015 को सिनेमाघरों में रिलीज हुई थी और इसने बॉक्स ऑफिस पर खूब नोट छापे। अब लगभग 10 साल बाद 'बाहुबली' एक बार फिर सिनेमाघरों में रिलीज होने जा रही है। यह फिल्म अक्टूबर, 2025 में सिनेमाघरों में दोबारा दस्तक देगी। निर्माताओं ने खुद इसकी पुष्टि की है। 'बाहुबली' को इस साल अक्टूबर में एक बार फिर सिनेमाघरों में रिलीज किया जाएगा। फिलहाल इसकी रिलीज तारीख सामने नहीं आई है। निर्माताओं ने पोस्टर साझा करते हुए लिखा, 'बाहुबली बड़े पर्दे पर वापस आ रहा है।

लाइफ Style

# तृप्ति
## माधुरी के साथ फिर करेंगी काम



खास बात है इसकी कहानी, जो एक मां और बेटी के रिश्ते को लेकर है। माधुरी जहां मां के किरदार में होंगी, वहीं तृप्ति उनकी बेटी का रोल निभाएंगी।दोनों के बीच की नोक-झोंक, प्यार, तकरार और समझदारी इस फिल्म की जान होगी। चर्चा है कि इस फिल्म में रवि किशन और कॉमेडियन धारणा दुर्गा की भी अहम भूमिका होगी।

एजेंसी ▶▶ मुंबई

बॉलीवुड अभिनेत्री तृप्ति डिमरी एक बार फिर माधुरी दीक्षित के साथ फिर काम करती नजर आ सकती है। माधुरी दीक्षित और तृप्ति डिमरी ने अनीस बज्मी की फिल्म भूल भुलैया 3 में स्क्रीन स्पेस शेयर किया है। भूल भुलैया 3 के बाद तृप्ति और माधुरी एक कॉमेडी ड्रामा में फिर से साथ काम करने के लिए तैयार हैं। माधुरी दीक्षित और तृप्ति डिमरी विक्रम मल्होत्रा के प्रोडक्शन बैनर अबुंदंतिया एंटरटेनमेंट के लिए एक कॉमेडी ड्रामा में स्क्रीन स्पेस शेयर करेंगी, जिसका नाम फिलहाल मां बहन बताया जा रहा है। यह एक नेटफ्लिक्स ओरिजिनल है और अगले महीने मुंबई में फ्लोर पर जाएगी।


इस फिल्म का निर्देशन सुरेश त्रिवेणी कर रहे हैं, जिन्हें तुम्हारी सुलु और जलसा जैसी फिल्मों के निर्देशन के लिए जाना जाता है। यह फिल्म एक कॉमेडी-ड्रामा है, जो तीन किरदार पर आधारित है। इस फिल्म की सबसे खास बात है इसकी कहानी, जो एक मां और बेटी के रिश्ते को लेकर है। माधुरी जहां मां के किरदार में होंगी, वहीं तृप्ति उनकी बेटी का रोल निभाएंगी।दोनों के बीच की नोक-झोंक, प्यार, तकरार और समझदारी इस फिल्म की जान होगी। चर्चा है कि इस फिल्म में रवि किशन और कॉमेडियन धारणा दुर्गा की भी अहम भूमिका होगी।

## हॉलीवुड मसाला




# अरबपति सिंगर ने बसाया अपना गांव

**नई दिल्ली।** ब्रिटिश पॉप सिंगर एड शीरन की पॉपुलैरिटी किसी से छिपी नहीं है। उनका हर गाना चार्टबस्टर साबित होता है। उनकी एक झलक पाने के लिए लोगों की लंबी-लंबी लाइनें लग जाती है। हालांकि इस समय वो अपने गाने नहीं बल्कि खुद का अलग गांव बसाने को लेकर चर्चा में हैं। हालांकि उन्होंने ये माना है कि ये 'अजीब' है लेकिन वो अपने परिवार को प्राइवेसी देना चाहते थे। दरअसल पॉप स्टार ने इंग्लैंड के सफोक में अपने घर के आस-पास की जमीन और दूसरे घरों को खरीदने में काफी पैसे खर्च किए हैं ताकि वो बड़ा एस्टेट बना सके।



# 'सिनर्स' थिएट्रिकल सिनेमा के लिए बनी गुड न्यूज...

**लॉस एंजिल्स।** माइकल बी. जॉर्डन स्टारर फिल्म 'सिनर्स' दुनिया भर के थिएटर्स में जमकर भीड़ जुटा रही है। 18 अप्रैल को थिएटर्स में रिलीज हुई इस फिल्म को डायरेक्टर रायन कूगलर ने डायरेक्ट किया है, जो इससे पहले 'ब्लैक पैंथर' फ्रैंचाइजी और 'क्रीड' जैसी फिल्में डायरेक्ट कर चुके हैं। अब उनकी नई फिल्म 'सिनर्स' ने बॉक्स ऑफिस पर ऐसा कमाल किया है जिसने दुनिया भर के फिल्म बिजनेस एक्सपर्ट्स को सरप्राइज कर दिया है।बी. जॉर्डन की फिल्म हॉरर फिल्म की कैटेगरी में आती है और ग्लोबल बॉक्स ऑफिस पर ये कैटेगरी बहुत बड़े बॉक्स ऑफिस कलेक्शन नहीं जुटाती है। मगर हॉरर फिल्म होने के बावजूद 'सिनर्स' ने पहले वीकेंड में यूएस बॉक्स ऑफिस पर 48 मिलियन डॉलर का कलेक्शन किया था। संडे की कमाई के साथ 'सिनर्स' का वर्ल्डवाइड कलेक्शन 10 दिन में 161 मिलियन डॉलर्स से ज्यादा हो चुका है।



# 'तन्वी द ग्रेट' की हीरोइन बनेंगी शुभांगी...

**मुंबई।** बॉलीवुड के दिग्गज अभिनेता अनुपम खेर काफी समय से अपनी आगामी फिल्म 'तन्वी द ग्रेट' को लेकर सुर्खियों में बने हुए हैं।यह फिल्म इसलिए खास है, क्योंकि साल 2002 में आई फिल्म 'ओम जय जगदीश' के बाद यह अनुपम के निर्देशन में बन रही दूसरी फिल्म है। अनुपम ने न केवल फिल्म के निर्देशन की कमान संभाली है, बल्कि वह इसमें अभिनय भी करते नजर आएंगे। अब 'तन्वी द ग्रेट' की हीरोइन के नाम का खुलासा हो गया है। 'तन्वी द ग्रेट' की हीरोइन का नाम शुभांगी है। अभिनेत्री काजोल ने एक विशेष कार्यक्रम के दौरान शुभांगी पेश किया गया। टीजर में सिर्फ म्यूजिक के साथ तन्वी के लुक को पेश किया गया, जो काफी भावुक है। शुभांगी को अनुपम के प्रसिद्ध एक्टिंग स्कूल 'एक्टर प्रिपेयर' से चुना गया है।



# 'धमाल-4' का क्लाइमेक्स मुंबई में होगा शूट

**मुंबई।** अभिनेता अजय देवगन आने वाले समय में एक से बढ़कर एक फिल्मों में नजर आएंगे। सुपरहिट कॉमेडी फ्रैंचाइजी 'धमाल' की चौथी किस्त 'धमाल 4' भी इन्हीं में से एक है। इस फिल्म का दर्शक बेसब्री से इंतजार कर रहे हैं। फिल्म की शूटिंग अपने अंतिम चरण पर है। अब 'धमाल 4' के क्लाइमेक्स से जुड़ी महत्वपूर्ण जानकारी सामने आ रही है। आइए जानें फिल्म का क्लाइमेक्स कब-कहां शूट किया जाएगा और इसमें अजय के साथ कौन-कौन शामिल होगा। एक रिपोर्ट के अनुसार, 'धमाल 4' का आखिरी शेड्यूल 15 मई से मुंबई में शुरू होगा, जहां जंगल थीम वाला एक बड़ा सेट बनाया जा रहा है। रिपोर्ट में दावा किया गया है कि यह शेड्यूल जून के आखिर तक पूरा हो जाएगा और इसके बाद पोस्ट-प्रोडक्शन का काम शुरू होगा।

## टीवी मसाला

# कभी जूते किए पॉलिश, बेची चाय, सब्जियों के लगाए ठेले!

**नई दिल्ली।** आज के दौर में जितने अमीर हीरो- हीरोइन हैं, उतने ही स्टैंड-अप कॉमेडियन भी होते जा रहे हैं। कपिल शर्मा और भारती सिंह को ही ले लीजिए तो वे स्टार्स से कम नहीं हैं। अपनी हंसी मजाक के जरिए ही वे करोड़ों छाप रहे हैं। बहरहाल, यहां हम एक ऐसे कॉमेडियन के बारे में बात कर रहे हैं जिसने गरीबी से उठकर अमीर बनने में लंबा संघर्ष किया है। यहां तक कि सब्जी भी बेची है और जूते भी बनाए हैं, लेकिन आज वो लग्जरी लाइफ जी रहा है।



***चाय की दुकानों में किया काम, आज है ऐश-ओ- आराम :*** जिसके बारे में हम यहां बात कर रहे हैं वो हैं सुदेश लहरी, जो कि एक भारतीय स्टैंड-अप कॉमेडियन हैं। वे टेलीविजन कॉमेडी कार्यक्रमों में दिखाई दिए हैं और स्टेज शो में प्रदर्शन किया है। सुदेश लहरी की गरीबी से अमीरी तक की कहानी एक हर किसी के लिए प्रेरणादायी है। अभिनेता-कॉमेडियन, जो कभी चाय की दुकानों, कारखानों में काम करते थे और आजीविका के लिए जूते बनाते थे। अब मुंबई में एक आलीशान अपार्टमेंट के मालिक हैं। उनकी संपत्ति में तीन बेडरूम, एक बड़ा डाइनिंग रूम, एक मॉड्यूलर किचन, एक निजी स्टूडियो, होम थिएटर और साथ ही एक बड़ा लिविंग रूम शामिल है।

### ऐसा था लहरी का बचन

इससे पहले, अर्चना पूरन सिंह के व्लॉग पर दिखाई देते हुए, सुदेश ने एक समय को याद किया था जब उन्हें अपना घर बेचना पड़ा था। बचपन को याद करते हुए सुदेश कहते हैं, 'मैंने बचपन में बहुत मेहनत की है। मैंने गरीबी देखी है। मैंने छोटी-छोटी दुकानों में काम किया है, चाय बनाई है, कई फैक्ट्रियों में काम किया है, जूते बनाए हैं। सब्जियां बेची हैं। अमीरों को झूठ नहीं बोलना पड़ता, लेकिन गरीब होने के कारण हमें अक्सर साहूकारों से पैसे मांगने पर झूठ बोलना पड़ता है। यह सब मेरे लिए एक्टिंग कोर्स की तरह काम करता है।

### परिवार ने खुद डिजाइन किया सुदेश का घर

सुदेश लहरी ने हाल ही में पिंकविला को अपने घर का दौरा कराया, जहां उन्होंने कहा कि उन्होंने और उनके परिवार ने खुद ही घर को डिजाइन किया है। अभिनेता ने मजाक में कहा, 'हमने इंटीरियर डिजाइनर को नहीं रखा, क्योंकि वे महंगे हैं। हंसते हुए उन्होंने कहा कि वो फैंस को मुंबई के शानदार नजारों की एक झलक दिखाकर अपनी 'अमीरी' दिखाना चाहते हैं, जिसका वो अपने घर से आनंद ले सकते हैं। सुदेश लहरी ने अपने घर के दौरे की शुरुआत अपने लिविंग रूम से की, जिसे हाथ से चुने गए फर्नीचर और वॉलपेपर से सजाया गया है। उसके बाद अपना खुद का बेडरूम दिखाया, जहां उन्होंने एक खास चाय कॉर्नर भी बनवाया है। आपको बता दें कि सुदेश के घर के अंदर एक स्टूडियो भी है, जहां वे अपना संगीत रिकॉर्ड करते हैं. दौरे के दौरान, उन्होंने यह भी बताया कि वे घड़ियों के शौकीन हैं।

### द ग्रेट इंडियन लाफ्टर चैलेंज सीजन 8 से मिली लोकप्रियता

बता दें कि सुदेश करीब दो दशक से इंडस्ट्री में बतौर कॉमेडियन और एक्टर सक्रिय हैं। हालांकि, द ग्रेट इंडियन लाफ्टर चैलेंज सीजन 8 में हिस्सा लेने के बाद वे मशहूर हुए। वो कपिल शर्मा के कॉमेडी शो समेत कई अन्य कार्यक्रमों में भी नजर आते हैं।

# सबसे कमाऊ फिल्म के एटली थे निर्देशक
## 'मर्सेल' है सामंथा की सबसे कमाऊ फिल्म

**मुंबई।** सामंथा रुथ प्रभु की गिनती उन अभिनेत्रियों में की जाती है, जिन्होंने बॉलीवुड डेब्यू से पहले हिंदी पट्टी के दर्शकों के बीच खास पहचान हासिल कर ली है। 28 अप्रैल को सामंथा अपना जन्मदिन मनाया। उन्होंने 'द फैमिली मैन 2' से हिंदी दर्शकों के बीच पहचान बनाई। 'पुष्पा' के गाने 'ऊ अंतावां' ने भी उन्हें खूब शोहरत दिलाई। सामंथा ने कई सुपरहिट फिल्मों में काम किया है, लेकिन क्या आप उनकी सबसे कमाऊ फिल्म का नाम जानते हैं? सामंथा की सबसे कमाऊ फिल्म का नाम 'मर्सेल' है, जो साल 2017 में रिलीज हुई थी। इसका निर्देशन शाहरुख खान की फिल्म 'जवान' के निर्देशक एटली ने किया था। सामंथा के साथ इस फिल्म में थलापति विजय, एस जे सूर्या और नित्या मेनन जैसे कलाकारों ने अभिनय किया था। 120 करोड़ रुपये की लागत में बनी फिल्म 'मर्सेल' ने बॉक्स ऑफिस पर 257 करोड़ रुपये का कारोबार किया था।यह फिल्म जी5, नेटफ्लिक्स और जियो हॉटस्टार पर उपलब्ध है।



### कुछ ऐसा रहा सामंथा का करियर

सामंथा ने अपने अभिनय करियर की शुरुआत साल 2010 में आई तेलुगू फिल्म 'ये माया चेसावे' के जरिए की थी, जिसमें वह अपने पूर्व पति और अभिनेता नागा चैतन्य के साथ नजर आई थीं। इसके बाद सामंथा ने 'बाण काठडी', 'मॉस्कोइन कावेरी', 'बृंदावनम', 'ऑटोनगर सूर्या', 'यशोदा' और 'सीथम्मा वाकिटलो सिरिमल्ले चेट्टू' जैसी फिल्मों में काम किया। पिछली बार सामंथा फिल्म 'कुशी' (2023) में नजर आई थीं। अभिनेत्री की आने वाली फिल्मों में 'शुभम' और 'मां इंति बंगाराम' शामिल हैं।

# दो बार एक ही नाम से बनीं फिल्में
## आखिरी वाली ने तो कमाल ही कर दिया

*मुंबई। इन दिनों सैफ अली खान फिल्म 'ज्वेल थीफ' को लेकर चर्चा में हैं। इस फिल्म में सैफ के साथ अभिनेता जयदीप अहलावत नजर आ रहे हैं। इस नाम से पहले भी फिल्म बन चुकी है, जिसमें देव आनंद नजर आए थे और यह फिल्म साल 1967 में रिलीज हुई थी। एक ही नाम से 2 फिल्में बनाने का चलन बॉलीवुड में लंबे समय से चला आ रहा है। आइए आज ऐसी ही कुछ चर्चित फिल्मों के बारे में जानें।*



***'दिलवाले' :*** साल 1994 में आई फिल्म 'दिलवाले' में अजय देवगन, सुनील शेट्टी और रवीना टंडन नजर आए थे। इस फिल्म में पहले दिव्या भारती को लिया गया था, लेकिन अचानक हुई उनकी मौत के बाद इसमें रवीना को साइन किया गया। फिल्म बॉक्स ऑफिस पर जबरदस्त हिट रही थी। बाद में इसी नाम से रोहित शेट्टी फिल्म लेकर आए, जिसमें शाहरुख खान, काजोल, वरुण धवन और कृति सैनन ने मुख्य भूमिका निभाई। फिल्म ने बॉक्स ऑफिस पर औसत प्रदर्शन किया था।




***'बागी' :*** सलमान खान साल 1990 में फिल्म 'बागी' लेकर आए थे, जिसमें उनके साथ नगमा ने लीड रोल किया था। पिता सलीम खान के नक्शे कदम पर चलते हुए सलमान ने 'बागी' से बतौर स्क्रिप्ट राइटर शुरुआत कर दी थी। फिल्म लेखक जावेद सिद्दिकी के साथ मिलकर सलमान ने 'बागी' की पटकथा का जिम्मा संभाला था और बतौर लेखक अभिनेता की पहली कोशिश सफल रही थी। उधर साल 2016 में टाइगर श्रॉफ 'बागी' लेकर आए, जो बॉक्स ऑफिस पर हिट रही।



***'दोस्ताना' :*** 'दोस्ताना' नाम की फिल्म ने अलग-अलग दशक में दोस्ती और प्यार की कहानी को अलग ढंग से बयां किया। साल 1980 में राज खोसला की 'दोस्ताना' एक गंभीर एक्शन-ड्रामा थी, जिसमें अमिताभ बच्चन और शत्रुघ्न सिन्हा ने 2 दोस्तों की भूमिका निभाई थी। यह फिल्म सुपरहिट थी। दूसरी ओर 2008 में आई 'दोस्ताना' एक हल्की-फुल्की रोमांटिक कॉमेडी थी, जिसमें अभिषेक बच्चन और जॉन अब्राहम मुख्य भूमिका में थे। ये फिल्म भी बॉक्स ऑफिस पर सफल रही थी।

## खौफ, कॉमेडी और एक्शन से भरपूर 'द भूतनी' का ट्रेलर दर्शकों को आया बेहद पसंद

# बॉक्स ऑफिस पर मई में होगा महामुकाबला, अजय और संजय से शुरू होगी जंग

***मुंबई।** जहां अप्रैल में कई बॉलीवुड और दक्षिण भारतीय फिल्मों से सिनेमाघर गुलजार रहे, वहीं मई का महीना भी सिनेप्रेमियों के लिए बेहद खास रहने वाला है, क्योंकि कई चर्चित फिल्में सिनेमाघरों का रुख करने के लिए तैयार हैं। ये वो फिल्में हैं, जिनमें दर्शकों को एक्शन से लेकर, रोमांस, रोमांस, कॉमेडी और खूब ड्रामा देखने को मिलेगा। कई सितारों की फिल्में बॉक्स ऑफिस पर आमने-सामने होंगी। आइए नजर डालें मई में आने वाली चर्चित फिल्मों पर।*

**'रेड 2':** शुरुआत करते हैं 'रेड 2' से, जिसके हीरो हैं अजय देवगन और विलेन हैं रितेश देशमुख। फिल्म में इस बार अजय की पत्नी का किरदार अभिनेत्री वाणी कपूर ने निभाया है, जबकि 'रेड' में इलियाना डिक्रूज इस भूमिका में नजर आई थीं। 'रेड' पर दर्शकों के साथ-साथ समीक्षकों ने भी खूब प्यार लुटाया था। ऐसे में 'रेड 2' से न सिर्फ अजय, बल्कि उनके प्रशंसकों को भी बड़ी उम्मीदें हैं। यह फिल्म 1 मई को सिनेमाघरों का रुख करेगी।




**'द भूतनी' :** एक ओर जहां अजय 1 मई को 'रेड 2' लेकर आ रहे हैं, वहीं संजय दत्त इसी दिन अपनी हॉरर कॉमेडी फिल्म 'द भूतनी' के साथ सिनेमाघरों में आएंगे। इसमें मौनी रॉय, श्वेता तिवारी की बेटी पलक तिवारी और सनी सिंह भी दर्शकों का मनोरंजन करते दिखेंगे। खौफ, कॉमेडी और एक्शन से भरपूर इस फिल्म का ट्रेलर दर्शकों को बेहद पसंद आया। अब देखना ये है कि 'रेड 2' और 'द भूतनी' में बॉक्स ऑफिस पर बाजी कौन मारती है।






### ये फिल्में भी होंगी आमने-सामने

16 मई को सुनील शेट्टी 'केसरी वीर' ला रहे हैं, उसी दिन पुलकित सम्राट की 'सुस्वागतम खुशामदीद' रिलीज हो रही है। उधर 30 मई को सोनाक्षी सिन्हा और परेश रावल की फिल्म 'निकिता रॉय' और साउथ के स्टार विजय देवरकोंडा की 'किंगडम' पर्दे पर आएगी।

**'हरि हर वीरा मल्लू' :** सुपरस्टार पवन कल्याण की फिल्म 'हरि हर वीरा मल्लू' को लेकर भी दर्शकों के बीच जबरदस्त उत्साह देखने को मिल रहा है। यह यूं तो तमिल भाषा की फिल्म है, लेकिन फिल्म पवन कल्याण की है, जिनकी फैन फॉलोइंग जबरदस्त है, वहीं बॉबी देओल भी इस फिल्म में हैं। फिल्म में बॉबी का एक खूंखार अवतार देखने को मिलेगा, वहीं पवन आमजन के लिए लड़ते दिखेंगे। इसका सामना 9 मई को बॉक्स ऑफिस पर 'भूल चूक माफ' से होगा।






**'भूल चूक माफ' :** अभिनेता राजकुमार राव पिछले काफी समय से अपनी आगामी फिल्म 'भूल चूक माफ' को लेकर चर्चा में बने हुए हैं। इस फिल्म में उनकी जोड़ी अभिनेत्री वामिका गब्बी के साथ बनी है। यह पहला मौका है, जब राजकुमार और वामिका किसी फिल्म में रोमांस करते नजर आएंगे। 'स्त्री' फ्रैंचाइजी वाले दिनेश विजान ने इस फिल्म पर पैसे लगाए हैं। सीमा पहवा भी फिल्म का हिस्सा हैं। 'भूल चूक माफ' 9 मई को सिनेमाघरों का दरवाजा खटखटाएगी।

## खबर संक्षेप

### मेघोत हाला में निःशुल्क नेत्र जांच शिविर कल

**नांगल चौधरी।** सीनियर सेकेंडरी स्कूल मेघोत हाला में एक मई को निःशुल्क नेत्र जांच व ऑपरेशन शिविर लगाया जाएगा। जिसमें बहरोड़ की एक निजी अस्पताल के चिकित्सक विरेंद्र सिंह सेवाएं देंगे। कैंप के आयोजक सुबेसिंह ने बताया कि सुबह नौ बजे पंजीकरण प्रक्रिया शुरू की जाएगी। इसके बाद आधुनिक मशीनों से मरीजों की आंखों का चेकअप किया जाएगा। मोतिया बिंद या अन्य परेशानी की पुष्टि होने पर निःशुल्क ऑपरेशन, चश्मा व दवाइयों की सुविधा उपलब्ध कराई जाएगी।

### सड़क हादसों के आरोपी दो चालक गिरफ्तार

**रेवाड़ी।** पुलिस ने सड़क हादसों के आरोपी दो गाड़ी चालकों को गिरफ्तार किया है। सिटी थाना पुलिस ने 15 मार्च को हुए सड़क हादसे में आरोपी चालक मुक्तिवाड़ा निवासी दीपक को गिरफ्तार किया है। हादसे में कार को भी पुलिस ने कब्जे में लिया है। मॉडल टाउन थाना पुलिस ने 13 अप्रैल को हुए सड़क हादसे के आरोपी सेक्टर-3 निवासी सुनील को गिरफ्तार किया है। बाद में दोनों को बेल पर रिहा कर दिया गया।

### पत्नी के साथ मारपीट का आरोपी गिरफ्तार

**डहीना।** निमोठ गांव में पत्नी के साथ मारपीट करने के आरोपी पति को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया। पुलिस को गांव की महिला ने सूचना दी थी कि उसका पति उसके साथ मारपीट कर रहा है। सूचना मिलने के बाद पुलिस मौके पर पहुंच गई। पुलिस ने मारपीट के आरोपी कृष्ण को गिरफ्तार कर लिया। पुलिस ने आरोपी को कोर्ट में पेश करने के बाद न्यायिक हिरासत में जेल भेज दिया है।

### तीन साल की बच्ची के साथ महिला लापता

**कोसली।** कस्बे की एक कॉलोनी में रहने वाले श्रमिक की पत्नी तीन साल की बच्ची के साथ घर से लापता हो गई। मूल रूप से यूपी के रहने वाले व्यक्ति ने बताया कि वह कोसली क्षेत्र में मेहनत मजदूरी करता है। उसकी 23 साल की पत्नी तीन साल की बच्ची को लेकर 28 अप्रैल को घर से लापता हो गई। शाम तक उसके घर नहीं लौटने के बाद उसकी काफी तलाश की गई, परंतु उसकी पत्नी और बच्ची का कोई पता नहीं चल सका।

## सिहमा में परशुराम जन्मोत्सव पर यज्ञ आयोजित

# अधर्म पर धर्म की विजय का नाम है भगवान परशुराम : क्रांति निर्मल

हरिभूमि न्यूज नारनौल

अधर्म पर धर्म की विजय का नाम है भगवान परशुराम। शास्त्र व शस्त्र दोनों की शिक्षा राष्ट्र के लिए आज जरूरी है और भगवान परशुराम की तरह आज फिर से राष्ट्र विरोधी आसुरी शक्तियों के खिलाफ युद्ध लड़ने की पुनः आवश्यकता है। ये शब्द मंगलवार को गांव सिहमा के भगवान शिव परशुराम मंदिर परिसर में आयोजित हवन यज्ञ कार्यक्रम में आचार्य क्रांति निर्मल शास्त्री ने कहे। कार्यक्रम आयोजक हेमंत भारद्वाज एडवोकेट ने बताया कि हर वर्ष भगवान परशुराम का जन्मोत्सव समाजिक एकता व अखंडता के रूप में मनाया जाता है। जिसमें 36 बिरादरी के लोग भाग लेते है। यज्ञ में लक्ष्मीनारायण जोशी, सरपंच सूबेसिंह, नरेश यादव सरपंच, रिटायर्ड तहसीलदार हरिओम लखेरा, एडवोकेट प्रदीप शर्मा, दिनेश भारद्वाज, प्रो. योगेंद्र भारद्वाज, राजेंद्र ठाकुर, ओमपाल यादव ने सबके मंगल की कामना के साथ आहुति डाली। इस अवसर पर आचार्य क्रांति निर्मल शास्त्री ने कहा कि भगवान परशुराम शास्त्र के ज्ञाता और शस्त्र विद्या के गुरु थे। भगवान शिव ने जमदग्नि पुत्र परशुराम की भक्ति से प्रसन्न होकर उन्हें अन्याय से लड़ने के लिए परशु भेंट किया था। भगवान परशुराम ने अपनी शक्ति का प्रयोग सदैव निर्बल, पीड़ित, गो, विप्र और धर्म की रक्षा में किया। उनका सम्पूर्ण जीवन अन्याय के खिलाफ आवाज उठाना सिखाता है। उन्होंने तत्कालीन अन्यायी जनता पर अत्याचार करने वाले क्षत्रिय राजाओं को 21 बार समूल नाश कर राज व्यवस्था को ठीक करने का काम किया था। श्रद्धालुओं को प्रसाद वितरण किया गया। मौके पर रोहताश नंबरदार, हंसराज यादव, केदार शर्मा, दीपचंद भारद्वाज, ईश्वर यादव, अजीत ठाकुर, कृष्ण यादव, ओमपाल यादव, राजेश सेन, सुभाष भारद्वाज, राधेश्याम शर्मा, अमित शर्मा, विरेंद्र सिंह, आजाद सिंह आदि मौजूद थे।



नारनौल। भगवान परशुराम जन्मोत्सव पर हवन में आहुति डालते श्रद्धालु।



नारनौल। परशुराम जन्मोत्सव मनाते हुए। फोटो : हरिभूमि

### निःशुल्क झुग्गी झोपड़ी पाठशाला में मनाया परशुराम जन्मोत्सव

**नारनौल।** भगवान परशुराम का जन्मोत्सव निःशुल्क झुग्गी झोपड़ी पाठशाला में संत माधव दास के सानिध्य में मनाया गया। इस अवसर पर मुकेश सोनी व गुरुदत्त ने लड्डू प्रसाद वितरित कर सभी बच्चों का मुंह मीठा कराया और भगवान परशुराम के जीवन संस्करण बताए। संत माधवदास ने कहा कि हमारे महापुरुषों ने अपने जीवन में उच्च कोटि के कार्य किए हैं। जिनको आमजन ने ग्रहण कर अपने जीवन को सफल बनाया है। हमें अपने माता पिता, गुरु व महापुरुषों का सम्मान करना चाहिए और उनके जीवन से प्रेरणा लेकर आगे बढ़ना चाहिए।



कनीना। भगवान परशुराम जन्मोत्सव पर में आयोजित हवन में हिस्सा लेते फोटो :

## अक्षय तृतीया पर श्रीगौड़ सभा कनीना में किया हवन

- परशुराम के जन्मोत्सव पर श्रीगौड़ ब्राह्मण सभा की ओर से कार्यक्रम

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कनीना

भगवान परशुराम के जन्मोत्सव पर श्रीगौड़ ब्राह्मण सभा की ओर से हवन का आयोजन किया गया। नेताजी सुभाष चंद्र बोस मैमोरियल क्लब में आयोजित हवन में सभा के पदाधिकारियों व सदस्यों ने हिस्सा लिया। इस अवसर उन्होंने भगवान परशराम के आदर्शों पर चलने का संकल्प लिया। प्रधान डा. रविंद्र कौशिक ने कहा कि भगवान विष्णु के छठें अवतार भगवान परशुराम ने अपने समय में धर्म की रक्षा करते हुए अपराधियों व दुराचारियों पर विजय प्राप्त की थी। देखा जाए तो बैशाख मास शुक्ल पक्ष की तृतीया तिथि को भगवान परशुराम का जन्मोत्सव मनाया जाता है, लेकिन उनके जन्म पर अलग अलग स्थानों के माध्यम से पखवाड़ेभर तक समारोह चलते हैं। बिना किसी विघ्टन के अक्षय रहने वाली अक्षय तृतीय तिथि का पर्व अबूझ मुहूर्त कहलाता है। इस दिन बिना किसी शोध के मांगलिक व धार्मिक कार्य सम्पन्न किए जा सकते हैं। हिंदू पंचांग में इस तिथि का महवपूर्ण स्थान है। भगवान परशुराम को चिरंजीवी माना जाता है। उन्होंने कठौर तप कर भगवान शिव को प्रसन्न किया था। वे शस्त्र विद्या में निपुण थे। भगवान परशुराम ने हमेशा जन कल्याण के हित में धर्म व शास्त्र संवत कार्य किया। इस मौके इंद्रलाल शर्मा, मा. कंवर सैन वशिष्ठ, सुरेश कुमार वशिष्ठ, बुद्धिप्रकाश शर्मा, नवीन कुमार, मोहित शर्मा, मुकेश शर्मा, मनोज शर्मा, हेमंत शर्मा, प्रेम कुमार, बसंत शर्मा, दीपक शर्मा, राधेश्याम शर्मा मौजूद थे।

# हैप्पी स्कूल में स्वर्ण पदक प्राप्त करने वाले विद्यार्थियों का किया सम्मान

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महेंद्रगढ़

हैप्पी एवरग्रीन सीनियर सेकेंडरी स्कूल में आईसीओ द्वारा आयोजित अंतरराष्ट्रीय कॉमर्स ओलंपियाड और एनएसओ द्वारा आयोजित साइंस ओलंपियाड 2024–25 में पदक प्राप्त करने वाले विद्यार्थियों के सम्मान में पुरस्कार वितरण समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में प्रबंध निदेशक मनीष अग्रवाल और प्राचार्य डॉ. जेएस कुंतल ने मुख्यातिथि रहे। विंग हेड संजीव कुमार, ईश्वर सिंह, हुकमचंद गर्ग, मोनिका शर्मा और रेखा राघव के निर्देशन में कार्यक्रम आयोजित हुआ। कॉमर्स अध्यापक पवन कुमार, संतोष यादव और साइंस अध्यापक दिनेश यादव, प्रशांत कुमार, प्रदीप कुमार और दीपक शर्मा के अनुसार कॉमर्स विषय में विद्यार्थियों ने 15 गोल्ड मेडल हासिल किए। साइंस विषय में 12 विद्यार्थियों ने गोल्ड मेडल हासिल किया। तरुण शर्मा और राजेंद्र कुमार के अनुसार गणित विषय में 13 विद्यार्थियों ने गोल्ड मेडल जीते। प्राचार्य डॉ. जेएस कुंतल ने बताया कि ओलंपियाड की परीक्षा उन्हें अपने करियर में उच्च लक्ष्य प्राप्त करने के लिए प्रेरित करता है, उन्हें बेहतर अवसर प्रदान करता है और उनके कौशल को बढ़ाता है। प्रबंध निदेशक मनीष अग्रवाल और मैनेजर चंचल अग्रवाल ने बताया कि ऐसे होनहार छात्र किसी भी क्षेत्र में अपनी प्रतिभा को कम नहीं होने देंगे। साइंस ओलंपियाड में छात्रों को वैज्ञानिक समस्याओं का विश्लेषण करने और उनका समाधान करने की आवश्यकता होती है। विद्यालय संचालक सुभाष चंद्र अग्रवाल और उप संचालिका कौशल्या अग्रवाल ने सभी छात्र-छात्राओं को शुभकामनाएं दी। साथ ही इस सफलता को अध्यापक, अभिभावक और छात्र रूपी त्रिवेणी का संगम बताया।



महेंद्रगढ़। विद्यार्थियों को सम्मानित करते हुए। फोटो : हरिभूमि

# मकसूसपुर, भांखरी व बदोपुर में विशेष कैंप

- बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ योजना के लाभ आमजन तक पहुंचाने की जरूरत : डा. अंजली सैनी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नारनौल

लिंगानुपात में सुधार लाने के लिए गांव मकसूसपुर, भांखरी एवं बदोपुर में जागरूकता हेतु विशेष कैंप का आयोजन किया गया। कैंप के दौरान उपरोक्त गांवों के जनप्रतिनिधि /सरपंच, एएनएम, आशा वर्कर, आंगनबाड़ी वर्कर एवं अन्य ग्रामवासी उपस्थित रहे। कैंप में लिंगानुपात सुधार हेतु विचार-विमर्श किया गया।

सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र दौचाना की प्रवर चिकित्सा अधिकारी डा. अंजली सैनी ने कहा कि केंद्र सरकार द्वारा चलाई जा रही बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ योजना के लाभों को आमजन तक पहुंचाने की जरूरत है। गर्भवती महिलाओं का शीघ्रातिशीघ्र पहली तिमाही में ही पंजीकरण करने तथा गर्भवती महिलाओं को दी जाने वाली फॉलिक एसिड दवाईयों के लाभ बताने बारे एएनएम, आशा वर्कर तथा आंगनबाड़ी वर्कर को निर्देश जारी किए गए हैं। कैंप में उपस्थित सभी लोगों को गर्भवती महिला के गर्भ में पल रही लड़की का गर्भपात न करवाने तथा लिंगानुपात सुधारने हेतु शपथ दिलवाई गई कि वह लिंग भेद नहीं करेंगी तथा बालिकाओं के जन्म व उनके अस्तित्व को जोखिम में डालता है तो उस मानसिकता का त्याग करेंगी। मौके पर गांव दौचाना के सरपंच मूलचंद, ब्लॉक आशा कोर्डिनेटर प्रवीण शर्मा सहित आशा वर्कर, एएनम एवं एमपीएचडब्ल्यू मेल एवं फिमेल मौजूद रहे।



नारनौल। बदोपुर में लिंगानुपात में सुधार की शपथ दिलाते हुए। फोटो : हरिभूमि

# ज्वेलरी व सामान चोरी करने के मामले में आरोपित गिरफ्तार

- आरोपित को न्यायालय में पेश कर पुलिस रिमांड पर लिया

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नारनौल

घर में घुसकर ज्वेलरी व सामान चोरी करने के मामले में कार्रवाई करते हुए थाना निजामपुर पुलिस ने एक आरोपित को गिरफ्तार किया है। मामले में पुलिस ने आरोपित सुनील वासी नांपला निजामपुर को सोमवार देर शाम उसके गांव क्षेत्र से गिरफ्तार किया है।

आरोपित को न्यायालय में पेश कर पुलिस रिमांड पर लिया गया है। शिकायतकर्ता संतोष वासी नापला ने थाना निजामपुर में चोरी की शिकायत देते हुए बताया कि छह अप्रैल रात को वह घर पर बैठक में सोई हुई थी, कोई अज्ञात व्यक्ति उनके घर से एक एलसीडी, एक बूफर, एक सोने का मंगलसूत्र, तीन जोड़ी चांदी पाजेब, एक सोने की अंगूठी, एक चांदी की अंगूठी, पांच जोड़ी लाचा के कपड़े चोरी कर ले गया। सुबह उसने उठकर देखा तो यह सभी सामान चोरी होने के बारे में पता चला। शिकायतकर्ता ने अज्ञात के खिलाफ चोरी की शिकायत दर्ज कराई। पुलिस ने शिकायत के आधार पर मामला दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी।



पुलिस गिरफ्त में आरोपित।



### पहलगाम के निर्दोषों को वरिष्ठ नागरिकों ने दी श्रद्धांजलि

**नारनौल।** वरिष्ठ नागरिक संगठन के सदस्यों ने कश्मीर के पहलगाम में निर्दोष 26 हिंदुओं के शहीद हो जाने पर दो मिनट मौन रहकर उनकी आत्मा की शान्ति के लिए अपनी श्रद्धांजलि प्रकट की। संगठन के प्रधान दुलीचन्द शर्मा ने कहा कि इस प्रकार की घटना पूर्व मानवता को शर्मसार करती है। वरिष्ठ नागरिकों ने इस जघन्य घटना के प्रति सरकार के प्रति कड़ा विरोध प्रकट किया। केन्द्र सरकार से अनुरोध किया कि इस तरह की व्यवस्था की जानी चाहिए कि इस प्रकार की घटना की पुनरावृति नहीं हो। ऐसे जघन्य कार्य करने वाले देशद्रोहियों को चिन्हित कर के चुन–चुन कर मौत के घाट उतारना चाहिए। तभी शहीद हुए हमारे भाईयों की आत्मा को शान्ति मिलेगी। इस श्रद्धांजलि सभा में मुखराम सैनी, विजय सिंह रहीश, नरेंद्र धौलिया, सोहनलाल चौहान, मास्टर भागीरथ प्रसाद, सुरेश जांगिड़, रविन्द्र चौधरी, सुभाष सिंगल, महेंद्र कुमार शर्मा व दुलीचन्द आदि शामिल रहे।

# डिफेंस एकेडमी का छात्र लापता

- डॉक्टर के पास जाने की बात कहकर निकला था

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महेंद्रगढ़

डिफेंस एकेडमी में कोचिंग ले रहा एक युवक संदिग्ध हालात में लापता हो गया। वह एक साथी के साथ पहुंचा था। डॉक्टर के पास जाने की बात कहकर निकला था। वह न एकेडमी पहुंचा और न घर। वह परिवार का इकलौता बेटा है। पिता की शिकायत पर सदर थाना पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। गांव नांगल पठानी जिला रेवाड़ी निवासी नरेंद्र सिंह ने पुलिस ने दी शिकायत में बताया कि वह प्राइवेट कंपनी में जॉब करता है। उसका 19 वर्षीय लड़का ऋषभ 12वीं कक्षा पास करके लगभग छह महीने से महेंद्रगढ़ के एक निजी डिफेंस एकेडमी में भारतीय सेना की कोचिंग ले रहा था। वह उसकी इकलौती संतान थी। ऋषभ और उसका दोस्त 27 अप्रैल को सुबह एकेडमी से शहर में किसी कार्य से आए थे। वे दोनों लगभग साढ़े 10 बजे चौधरी रणबीर सिंह हुड्डा पार्क महेंद्रगढ़ पहुंचे। जहां पर उन दोनों ने दुकान पर जूस पीया और समोसे खाए थे। उसके बाद उसके लड़के ऋषभ ने अपने दोस्त से कहा कि उसके पैर में दर्द है, वह डॉक्टर के पास जा रहा है। वह भी शाम तक एकेडमी आ जाएगा, लेकिन उसका बेटा ऋषभ चौधरी रणबीर सिंह हुड्डा पार्क से ही या तो कहीं चला गया या उसको किसी ने कहीं छुपा लिया है। उसने रिश्तेदारियों में व अन्य स्थानों पर अपने बेटे की तलाश की, लेकिन उसका कहीं कोई सुराग नहीं चला। परिजनों ने एकेडमी में बात की, तब उन्होंने बताया कि यहां पर ऋषभ का किसी के साथ कोई मनमुटाव नहीं था और न हीं किसी से कहासुनी हुई। उसने पुलिस में अपने बेटे की गुम होने की शिकायत दी कि उसकी तलाश करवाई जाए।

**तापमान** आज रात से मौसम में बदलाव आने की संभावना

# पश्चिमी विक्षोभ की सक्रियता से पलटा मौसम, पारा लुढ़कने से मिली राहत

कुछ इलाकों में बादल छाने और तेज हवाओं के साथ बूंदाबांदी होने की भी संभावना

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रेवाड़ी

कमजोर पश्चिमी विक्षोभ की सक्रियता से मौसम में अचानक बड़ा बदलाव आया है। दिन के तापमान में साढ़े 5 डिग्री सेल्सियस की कमी ने लोगों को भारी गर्मी से काफी हद तक निजात दिला दी है। रात के तापमान में वृद्धि जरूर दर्ज की गई है। 30 अप्रैल की रात से मौसम में परिवर्तन आने की संभावना है। आसमान में बादलों के साथ कुछ इलाकों में तेज हवाओं के साथ बूंदाबांदी भी हो सकती है।

अप्रैल में गत सोमवार को तीसरी बार तापमान 42 डिग्री सेल्सियस के पार पहुंच गया था, जिस कारण लोगों को हीटवेव का सामना करना पड़ा था। मंगलवार को मौसम में अचानक बदलाव आ गया। अधिकतम तापमान साढ़े 5 डिग्री सेल्सियस की कमी के साथ 37.0 डिग्री सेल्सियस पर आ गया। न्यूनतम तापमान 3.7 डिग्री सेल्सियस बढ़कर 24.8 डिग्री सेल्सियस पर पहुंच गया। दिन के तापमान में भारी गिरावट के बाद दोपहर के समय आग बरसाने वाली गर्मी से काफी हद तक राहत मिली रही। लोगों को हीटवेव का सामना नहीं करना पड़ा। शाम के समय मौसम अनुकूल हो गया। मौसम विभाग का अनुमान है कि बुधवार रात से एक बार फिर मौसम में बदलाव देखने को मिल सकता है। अगले तीन-चार दिन तक आसमान में आंशिक या घने बादल छा सकते हैं। तेज हवाओं या आंधी के साथ कुछ इलाकों में बूंदाबांदी या हल्की बारिश भी हो सकती है।

अभी कुछ दिनों तक तापमान 40 डिग्री के आसपास ही बना रह सकता है, जिस कारण हीटवेव का खतरा टला रहेगा। मई के दूसरे सप्ताह में तापमान में वृद्धि होने की संभावना है।



रेवाड़ी। मंगलवार को गर्मी के कारण सूना पड़ा बावल रोड।

### बिजली की खपत में आई कमी

निगम सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार मंगलवार को मौसम का मिजाज ठंडा पड़ने के बाद बिजली की खपत में भी करीब 2 लाख यूनिट तक की कमी दर्ज की गई है। इससे भारी गर्मी के दौरान लगने वाले पावर कटों में काफी कमी आ गई है। तापमान 40 डिग्री से नीचे बना रहने पर पावर कटों से भी राहत मिली रहेगी। इस समय कृषि क्षेत्र में बिजली की खपत काफी कम है, जिसके मई माह में तेजी से बढ़ने की संभावना है। किसान खरीफ की फसल बिजाई का कार्य भी जल्द शुरू करने वाले हैं। कपास की बिजाई का कार्य शुरू हो गया है।



## पहलगाम आतंकी हमले के विरोध में मूसेपुर में आक्रोश मार्च निकाला

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कोसली

जम्मू काश्मीर के पहलगाम आतंकवादियों की ओर से किए गए नरसंहार के विरोध में मंगलवार को गांव मूसेपुर में पूर्व मंत्री कर्नल महासिंह स्मृति चौक से जन आक्रोश मार्च निकाला गया। दौरान लोगों ने पाकिस्तान मुर्दाबाद व हिंदू बलिदानी अमर रहे के नारे लगाए। इस मौके पर कैप्टन राजेंद्र सिंह ने कहा कि इस दुख की घड़ी में देश सभी पीड़ति परिवारों के साथ हैं। सविता यादव ने कहा कि महिलाएं भी हर संभव सहयोग करेगी। ताजेन्द्र यादव ने जागो हिंदू जागो कविता के माध्यम से युवाओं ने जोश भरा। सामाजिक कार्यकर्ता रविंद्र आशावादी मूसेपुरिया ने कहा कि सभी को मिलकर प्रयास करना होगा, तभी हिंदुओं पर हो रहे इस अवसर पर बलजोर यादव, प्रवीण यादव, रमेश सरपंच मूसेपुर, ज्ञान चन्द, जीतराम, सुरेंद्र सरपंच खुशपुरा, संदीप सरपंच बालधन कंला, जसवंत, पण्डित दुलीचंद शर्मा, कश्मीरी लाल थानेदार, रविंद्र बैंक डायरेक्टर, कैप्टन राजेन्द्र सिंह, सूरजभान प्रधान, संपूर्ण सोनी प्रधान, रविंद्र प्रधान, तुलाराम यादव, योगेंद्र योगी, ब्रजमोहन अग्रवाल, अमीलाल, इंस्पेक्टर महेंद्र सिंह आदि मौजूद रहे।

**सूचना**

मैं, रामकुमार पुत्र श्री प्रभुराम निवासी उष्मापुर, तहसील व जिला महेन्द्रगढ़ बयान करता हूं कि मेरा पुत्र सतेन्द्र मेरे कहने-सुनने से बाहर है। इसलिये मैं इसको अपनी चल-अचल सम्पत्ति से बेदखल करता हूं। इससे लेन-देन, व्यवहार करने वाला स्वयं जिम्मेवार होगा। मेरी व मेरे परिवार की कोई जिम्मेवारी नहीं होगी।

**सार्वजनिक सूचना**

मै खजान देवी पत्नी स्व. राजेंद्र कुमार वासी मोहल्ला फ्राशखाना नारनौल तह. नारनौल जिला महेंद्रगढ हरियाणा बयान करती हूं कि मेरा पुत्र नारायण व उसकी पत्नी सोनू मेरे कहे अनुसार नहीं चलते है और अपनी मनमानी करते है। इसलिए मै उसको अपनी चल–अचल संपत्ति से बेदखल करती हू। भविष्य में उससे लेनदेन करने वाला स्वय जिम्मेदार होगा। मेरी व मेरे बाकि परिवार की कोई जिम्मेदारी नहीं होगी।

**सार्वजनिक सूचना**

मै प्रवीण कुमार पुत्र निहाल सिंह वासी ग्राम मूलोदी तहसील नांगल चौधरी जिला महेंद्रगढ हरियाणा बयान करता हूं कि मेरा पुत्र रोहित मेरे कहे अनुसार नहीं चलता है और अपनी मनमानी करता है। इसलिए मै उसको अपनी चल–अचल संपत्ति से बेदखल करता हूं। भविष्य में उससे लेनदेन करने वाला स्वय जिम्मेदार होगा। मेरी व मेरे बाकि परिवार की कोई जिम्मेदारी नहीं होगी।

## खबर संक्षेप



कनीना। वार्ड नौ में सफाई अभियान चलाते नपा कर्मचारी। फोटो : हरिभूमि

### नपा के वार्ड नौ में चलाया सफाई अभियान

**कनीना।** नगर पालिका सफाई कर्मचारियों ने वार्ड मेंबर की अगुआई में वार्ड नौ में सफाई अभियान चलाया। वार्ड मेंबर नितेश गुप्ता ने बताया कि नगर पालिका की नवनिर्वाचित बॉडी जनहित को ध्यान में रखते हुए कार्य कर रही है। नपा की नवनियुक्त चेयरपर्सन डा. रिंपी लोढा ने कहा कि सभी नागरिक सफाई में सहयोग करें व सड़क पर अतिक्रमण न करें। उन्होंने कहा कि सड़क मार्गों पर दुकानदारों की ओर से बोर्ड, तकत व अन्य सामान रखने तथा रेहड़ी वालों की ओर से अतिक्रमण किए जाने से रास्ते संकरे हो रहे हैं।

### स्वास्थ्य मंत्री कल करेंगी उद्घाटन व शिलान्यास

**कनीना।** प्रदेश सरकार में कैबिनेट मंत्री मंत्री आरती सिंह राव आगामी एक मई को अटेली हलके के कनीना सब डिवीजन के गांवों व नगर पालिका क्षेत्र के लिए करोड़ों रुपये की लागत से तैयार की जा रही विभिन्न विकास परियोजनाओं का उद्घाटन व शिलान्यास करेंगी। इन परियोजनाओं में सिंचाई, सड़क निर्माण, पेयजल आपूर्ति, शिक्षाए व ग्रामीण विकास के आधारभूत ढांचे से संबंधित हैं। इस दिन स्वास्थ्य मंत्री कोरियावास व खैराना गांवों में जिला रेडक्रॉस सोसायटी की ओर से आयोजित किए जा चुके स्वास्थ्य जांच व सहायता शिविरों में पंजीकृत जरूरतमंद परिवारों को राहत सामग्री भी वितरित करेंगी। जिनमें कृत्रिम अंग, दवाएं तथा अन्य शामिल हैं।





### सागरपुर में इनेलो का स्थापना दिवस मनाया

**मंडी अटेली।** क्षेत्र के गांव सागरपुर में इंडियन नेशनल लोकदल का स्थापना दिवस मनाएगा। इस दौरान पार्टी के पदाधिकारी व सदस्य अपने घर पर इनेलो का झंडा लहराया। इस मौके पर इनेलो नेता भरपूर चौधरी बताया कि स्थापना दिवस पर दिवंगत पूर्व उपप्रधानमंत्री देवीलाल और स्वर्गीय पूर्व मुख्यमंत्री ओमप्रकाश चौटाला की नीतियों पर चलने का संकल्प लिया है। इस मौके पर इनेलो नेता चौधरी भरपूर सिंह ने कहा कि इस दिन पार्टी चुनाव को चिह्न ऐनक के निशान वाला मिला था। इसलिए पार्टी इस दिन को स्थापना दिवस के रूप में मानती है। उन्होंने कहा कि संगठन के दम पर आने वाली सरकार इनेलो की होगी और देवीलाल के सपनों को साकार करेगी।

# एक दर्जन गांवों के जोहड़ों में पहुंचेगा नहरी पानी, 25 करोड़ की आएंगी लागत

## अटल भू जल के तहत नहर से पाइपलाइन से गांव के जोहड़ों डाला जाएगा पानी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ महेंद्रगढ़

लगातार गिरते भू जल स्तर में सुधार लाने के लिए सिचाई एवं जल संसाधन विभाग की ओर से एक दर्जन गांवों में पाइपलाईन के माध्यम से जोहड़ों को रिचार्ज किया जाएगा। इसके अलावा आठ गांवों के गंदे पानी के जोहड़ के ओवरफ्लो से होने वाली समस्या से भी ग्रामीणों को निजात दिलाई जाएंगी। अटल भू योजना के तहत किए जाने वाले इन कार्यो में करीब 25 करोड़ रुपये की लागत आएंगी। विभाग की ओर से टेंडर जारी कर दिया है। जल्द ही पाइपलाइन बिछाने का कार्य शुरू किया जाएगा। उल्लेखनीय है कि अटल भूजल योजना केंद्र सरकार द्वारा संचालित एक महत्वाकांक्षी योजना है। इसका मुख्य उद्देश्य गिरते भूजल की समस्या को दूर कर भू-जल स्तर को बढ़ाना है। इस योजना में जिला महेंद्रगढ़ को भी शामिल किया गया था।

**क्षेत्र के जलस्तर पर होगा सुधार**

- ग्रामीणों को गंदे पानी के जोहड़ के ओवरफ्लो होने की समस्या से भी मिलेगी निजात
- सिंचाई विभाग ने टेंडर किया जारी, जल्द शुरू होगा काम




जिले के घटते भू-जल स्तर को रोकने के लिए सिंचाई एवं जल संसाधन विभाग हरियाणा द्वारा ग्राम पंचायतों को जागरूक किया जा रहा है। विभाग के अधिकारियों का कहना है कि योजना के तहत योजनाबद्ध तरीके से काम किया जा रहा हैं। इसके तहत विभिन्न गांवों के जोहड़ों को नहरों से जोड़ा जा रहा हैं। महेंद्रगढ़ जिले के 186 गांवों में जोहड़ हैं। महेंद्रगढ़ खड़ में 70 जोहड़ है। करीब 75 प्रतिशत गांवों में अटल भू जल योजना के तहत पानी पहुंचाया जा चुका हैं।

### इन कार्यों के खोले गए टेंडर

गांव बुचौली, गडानिया, लावन, मालड़ा, सतनाली एवं खेड़ी में जोहड़ खोदकर पाइपलाइन कसे नहर से जोड़ा जाएगा। जिसमें करीब 3 करोड़ की लागत आएंगी। गांव बसई, आकोदा, खेड़ी, खेड़ा, खातोद, पल्ह व बवानिया में 8.91 करोड़ की लागत से गंदे पानी के जोहड़ से ओवरफ्लो से निजात दिलाई जाएंगी। गांव जड़वा में करीब 3.40 करोड़ रुपये की लागत से गोशाला के निकट एक कच्चा जोहड़ एवं एक पक्का टैंक बनाकर जड़वा माइनर से जोड़ा जाएगा। इसके अलावा पहले से खुदे हुए दो जोहड़ को भी नहर से कनेक्ट किया जाएगा। गांव नंगला, जवाहर नगर एवं पथरवा में करीब 4.09 करोड़ से वाटर बाडी बनाकर प्रेशराइजड पाइपलाइन के माध्यम से जड़वा माइनर से जोड़ा जाएगा। गांव बास व गढ़ी की ढाणियों में जोहड़ खोदकर प्रेशराइजड पाइपलाइन के माध्यम से सतनाली फीडर से जोड़ा जाएगा। जिसमें करीब 3.18 करोड़ की लागत आएंगी। गांव डालनवास में पीलिया जोहड़ के पास करीब 2.18 करोड़ से एक पक्का टैंक बनाकर पानी स्टोर करना।

### कई गांवों के जोहड़ में नहीं पहुंचा है नहरी पानी

महेंद्रगढ़ डिवीजन के अंतगर्त 143 जोहड़ आते है। विभाग के कागजों में 120 जोहड़ नहरी पानी से लबालब हो चुके हैं। वहीं 14 जोहड़ में 50 प्रतिशत पानी पहुंचाया जा चुका हैं। केवल 9 जोहड़ में नहरी पानी पहुंचाया जाना हैं। लेकिन हकीकत कई गांव के जोहड़ ऐसे में जिनमें अभी तक नहीं पहुंच पाया है। इसको लेकर कई गांवों के सरपंचों की ओर से लिखित में अधिकारियों को शिकायत भी दी जा चुकी है।

## भाजपा किसान मोर्चा के जिला अध्यक्ष ने बैठक में की निंदा

# नरेश टिकैत की देशद्रोही बयानबाजी के खिलाफ देशभर में आक्रोशः पवन

- नरेश टिकैत का यह बयान शहीदों और उनके परिवारों का अपमान

*भाजपा किसान मोर्चा के जिला अध्यक्ष पवन खैरवाल ने मीटिंग कर नरेश टिकैत के बयान की कड़ी निंदा करते हुए कहा, पहलगाम में पाकिस्तान समर्थित आतंकवादियों द्वारा 26 हिंदू तीर्थयात्रियों की निर्मम हत्या के बाद पूरा देश आक्रोशित है। देश की जनता एकजुट होकर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में पाकिस्तान को करारा जवाब देने की मांग कर रही है।*

हरिभूमि न्यूज ▶▶ महेंद्रगढ़

भाजपा किसान मोर्चा जिला अध्यक्ष ने बैठक कर नरेश टिकैत के देशद्रोही बयान की कड़ी निंदा की। टिकैत ने कहा कि भारत सरकार को सिंधु जल संधि को रद नहीं करना चाहिए था, क्योंकि भारत और पाकिस्तान का किसान एक है। भाजपा किसान मोर्चा के जिला अध्यक्ष पवन खैरवाल ने मीटिंग कर नरेश टिकैत के बयान की कड़ी निंदा करते हुए कहा, पहलगाम में पाकिस्तान समर्थित आतंकवादियों द्वारा 26 हिंदू तीर्थयात्रियों की निर्मम हत्या के बाद पूरा देश आक्रोशित है। देश की जनता एकजुट होकर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में पाकिस्तान को करारा जवाब देने की मांग कर रही है। भारत सरकार ने कठोर निर्णय लेते हुए पाकिस्तान के साथ राजनीतिक संबंध समाप्त कर दिए हैं, बाघा-अटारी बॉर्डर पर बीटिंग रिट्रीट समारोह को रद्द कर दिया गया है। सभी पाकिस्तानियों के वीजा रद्द कर दिए गए हैं और उन्हें भारत छोड़ने के लिए निर्देशित किया गया है। इसके अतिरिक्त, भारत ने सिंधु जल संधि 1960 को तत्काल प्रभाव से निरस्त करने की प्रक्रिया प्रारंभ कर दी है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में भारत सरकार ने सिंधु जल संधि के अनुच्छेद 12(3) के तहत संधि में संशोधन की औपचारिक मांग करते हुए स्पष्ट कर दिया है कि आतंकवाद और बातचीत एक साथ नहीं चल सकते। ऐसे समय में जब पूरा देश एकजुट है, कुछ तथाकथित किसान नेता राष्ट्र विरोधी बयान देकर देश के जख्मों पर नमक छिड़कने का कार्य कर रहे हैं। नरेश टिकैत ने कहा कि भारत सरकार को सिंधु जल संधि को रद्द नहीं करना चाहिए था, क्योंकि भारत और पाकिस्तान का किसान एक है। हम नरेश टिकैत से पूछना चाहते हैं-जो देश हमारे निर्दोष नागरिकों की हत्या करवा रहा है, उसके हुक्का-पानी को बंद क्यों न किया जाए? बार-बार भारत की पीठ में छुरा घोंपने वाले पाकिस्तान के प्रति प्रेम का आखिर क्या औचित्य है? यदि पाकिस्तान से इतना ही प्रेम है, तो नरेश टिकैत पाकिस्तान चले जाना चाहिए। नरेश टिकैत का यह बयान शहीदों और उनके परिवारों का अपमान है। भाजपा किसान मोर्चा पूरे देश की जनता की ओर से मांग करता है कि ऐसे तथाकथित किसान नेता नरेश टिकैत को देश और किसानों से सार्वजनिक रूप से माफी मांगनी चाहिए।



महेंद्रगढ़। मीटिंग कर नरेश टिकैत के बयान की कड़ी निंदा करते हुए। फोटो : हरिभूमि

### बैठक में यह रहे मौजूद

इस अवसर पर किसान मोर्चा के महामंत्री मनीष शर्मा, कोषाध्यक्ष कैलाश दत बलायचा, मीडिया प्रभारी संदीप सिसोठ, शिवम जांगड़, पवन खेड़ा, आकाश यादव, दिलावर, मंजीत सहित अनके सदस्य उपस्थित रहे।

## सूरज डिग्री कॉलेज के होनहार

# तीन विद्यार्थियों ने विश्वविद्यालय की टॉप-10 मेरिट में स्थान पाया



पायल



हिमेश यादव



ईशा

हरिभूमि न्यूज महेंद्रगढ़

इंदिरा गांधी विश्वविद्यालय मीरपुर द्वारा प्रथम सेमेस्टर की टॉप-10 मेरिट लिस्ट घोषित की गई, जिसमें सूरज कॉलेज के विद्यार्थियों का प्रदर्शन उत्कृष्ट रहा। जिसमे बीएससी लाइफ साइंस प्रथम सेमेस्टर की छात्रा ईशा तंवर पुत्री सतीश, महेंद्रगढ़ ने 9.25 एसजीपीए लेकर पूरे विश्वविद्यालय में तीसरा स्थान प्राप्त किया। इसी क्रम मे पायल पुत्री अनील कुमार आदलपुर ने 9.17 एसजीपीए लेकर विश्वविद्यालय में पांचवा व बीएससी फिजिकल साईस प्रथम सेमेस्टर का छात्र हिमेश यादव पुत्र विरेंद्र लुहाना ने 9.64 एसजीपीए लेकर विश्वविद्यालय में सातवां स्थान प्राप्त किया। कॉलेज प्राचार्य डॉ. सुधाकर गुप्ता ने बताया कि कॉलेज का श्रेष्ठ परिणाम विद्यार्थियों के कठोर परिश्रम व शिक्षकों के मार्गदर्शन का परिणाम है। इस अवसर पर कॉलेज निदेशक संदीप प्रसाद ने विद्यार्थियों व शिक्षकों को बधाई दी।

### यदुवंशी की किरण व मुस्कान ने पाया मेरिट में स्थान





**नारनौल।** यदुवंशी डिग्री कॉलेज में अध्ययनरत केमिस्ट्री प्रथम वर्ष की नियमित छात्रा किरण पुत्र सतीश कुमार ने तीसरा व मुस्कान पुत्री पवन कुमार ने चौथा स्थान प्राप्त कर इंदिरा गांधी विवि मीरपुर रेवाड़ी में विवि मेरिट लिस्ट में नाम दर्ज करवाकर काबिलियत को प्रमाणित किया है। संस्था निदेशक सुरेश यादव व डा. प्रदीप यादव ने संदेश दिया कि यह रिजल्ट्स आपको प्रेरित करते हैं कि यदुवंशी एजुकेशन ग्रुप आपके भविष्य के लिए निरंतर प्रयासरत है। प्राचार्य बजरंग लाल ने कहा कि विद्यार्थियों ने कॉलेज स्तर पर विश्वविद्यालय में टॉप टेन में प्रथम पोजीशन प्राप्त कर गौरवान्वित किया है। उपप्राचार्या सोनल यादव ने छात्राओं को बधाई दी। यदुवंशी एजुकेशन ग्रुप के चेयरमैन राव बहादुर सिंह ने यदुवंशी स्कूल से अध्ययनरत यूपीएससी क्वालिफाई आदित्य की काबिलियत से सभी बच्चों को प्रेरित किया।

# आरपीएस विद्यालय का छात्र मंयक निबंध लेखन में प्रथम स्थान पर रहा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ महेंद्रगढ़

करनाल में आयोजित राज्य स्तरीय प्रतियोगिता में आरपीएस महेंद्रगढ़ के विद्यार्थियों ने अपनी प्रतिभा का परिचय देते हुए निबंध लेखन, भाषण, श्लोगन व ड्राईंग प्रतियोगिता में प्रथम स्थान प्राप्त कर विद्यालय व क्षेत्र का नाम रोशन किया है। सभी विजेता प्रतिभागियों को ग्रुप चेयरपर्सन डॉ. पवित्रा राव, सीईओ इंजी. मनीष राव, डिप्टी सीईओ कुणाल राव, प्राचार्य डॉ. किशोर तिवारी ने बधाई दी। ग्रुप चेयरपर्सन डॉ. पवित्रा राव ने कहा कि आरपीएस विद्यालय में शिक्षा के साथ-साथ बच्चों के सर्वांगीण विकास पर विशेष ध्यान दिया जाता है। ग्रुप सीईओ इंजी. मनीष राव ने कहा कि आरपीएस बच्चों को उचित मंच प्रदान कर उनकी प्रतिभा को निखारने का काम करता है। प्राचार्य डॉ. किशोर तिवारी ने बताया कि प्रतियोगिता में आरपीएस विद्यालय महेंद्रगढ़ के छात्र मंयक ने निबंध लेखन में प्रथम स्थान, भाषण प्रतियोगिता में यशिका और प्रेरणा प्रथम व ड्राइंग एवं स्लोगन राइटिंग में आकांक्षा औरआंचल में प्रथम रही। इस मौके पर उपप्राचार्य दिनेश कुमार, डीन एल एन गौड़, पवन तिवारी, विंग हैड देवेंद्र पुनिया, जिले सिंह, अमित कुमार, साक्षी मलिक, अनिता अहलावत उपस्थित रहे।



महेंद्रगढ़। विजेता बच्चों को सम्मानित करते हुए। फोटो : हरिभूमि

### यदुवंशी स्कूल के 6 छात्रों ने एनडीए परीक्षा में पाई सफलता

नारनौल। यूपीएससी की ओर से आयोजित प्रतिष्ठित राष्ट्रीय रक्षा अकादमी एनडीए परीक्षा 2025 में यदुवंशी शिक्षण संस्थान के छह विद्यार्थियों ने सफलता प्राप्त कर संस्थान व जिले का नाम गौरव से ऊंचा कर दिया है। इन सफल छात्रों में सिद्धार्थ पुत्र पवन कुमार नारनौल, अंकित दहिया पुत्र मनजीत कुमार बड़कोदा, गौरव पुत्र सुरेंद्र सिंह भीलवाड़ा, समीर पुत्र संजय यादव डोहर कलां, गगनदीप पुत्र दिलावर सिंह शिवपुरा, यश यादव पुत्र राजपाल सिंह नारनौल शामिल है। इस सफलता पर चेयरमैन राव बहादुर सिंह, डायरेक्टर सुरेश यादव, प्राचार्य डा. अनंत शर्मा व उपप्राचार्य नरेश यादव सफल छात्रों को बधाई दी।

*सीएल स्कूल में शिक्षक प्रशिक्षण कार्यशाला आयोजित*

# छात्रों की कक्षा में सक्रिय भागीदारी व सीखने के स्तर में सुधार होगा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ नारनौल

शिक्षण में नवाचार व उत्कृष्टता को नया आयाम प्रदान करने हेतु सीएल पब्लिक स्कूल में एक दिवसीय शिक्षक प्रशिक्षण कार्यशाला का आयोजन किया गया। कार्यशाला का मुख्य उद्देश्य राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 की गहन समझ तथा प्रभावी क्रियान्वयन हेतु शिक्षकों को सशक्त बनाना रहा। इस अवसर पर देश के प्रसिद्ध शिक्षाविद् राष्ट्रीय शिक्षा नीति के प्रतिष्ठित विशेषज्ञ व वरिष्ठ मास्टर ट्रेनर राजन शर्मा ने मास्टर ट्रेनर के रूप में उपस्थिति दर्ज कराई। शिक्षा जगत में अपनी प्रज्ञा, दूरदर्शिता और उत्कृष्ट नेतृत्व के लिए विख्यात शर्मा ने अपने उद्बोधन में शिक्षा के नवीनतम दृष्टिकोणों और मूल्यों का विश्लेषण करते हुए प्रतिभागियों को अत्यंत व्यावहारिक तथा सुस्पष्ट दिशानिर्देश प्रदान किए। शर्मा ने राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 के विभिन्न पहलुओं को अत्यंत सहजता व गहराई से प्रस्तुत किया। स्कूल के प्रबंधक निदेशक अमित गुप्ता ने राजन शर्मा का धन्यवाद करते हुए कहा कि इस तकनीक के माध्यम से छात्रों की कक्षा में सक्रिय भागीदारी और सीखने की स्तर में सुधार हो सकेगा। प्रधानाचार्य रविन्द्र यादव ने राजन शर्मा को विद्यालय परिवार की ओर से कृतज्ञता ज्ञापित करते हुए कहा कि शर्मा का शिक्षण दर्शन व उनकी गहन अंतर्दृष्टि हम सबके लिए प्रेरणा का स्रोत है।



नारनौल। प्रशिक्षण कार्यक्रम में भाग लेते शिक्षक। फोटो : हरिभूमि

## लोकसभा चुनाव से पहले सांसद ने मुख्यमंत्री को लिखा था पत्र

# 14 करोड़ की लागत से पक्के होंगे गांव को गांव से जोड़ने वाले रास्ते

हरिभूमि न्यूज ▶▶ महेंद्रगढ़

सतनाली एवं महेंद्रगढ़ क्षेत्र में गांव को गांव अथवा ढाणी से जोड़ने वाले पांच करम के 27 किलीमीटर के विभिन्न कच्चे रास्तों को पक्का बनाने का कार्य शुरू हो गया है। इस बारे में जानकारी देते हुए विकास एवं निगरानी समिति सदस्य संदीप मालड़ा ने बताया कि पिछले वर्ष हुए लोकसभा चुनावों से पहले उन्होंने 'गांव से गांव जोड़ो' अभियान के तहत विभिन्न गांवों के सरपंचों एवं मार्केटिंग बोर्ड के अधिकारियों के साथ अनेक बैठक की थी, जिसके बाद इन रास्तों के ऐस्टिमेट भिजवाए गए थे। ऐस्टिमेट मुख्यालय पहुंचने के बाद सांसद धर्मबीर से मुलाकात कर इन सभी रास्तों को पक्का करवाने की मंजूरी दिलाने बारे मांग पत्र सौंपा था। सांसद धर्मबीर सिंह ने तत्कालीन मुख्यमंत्री को पत्र लिखकर इन सभी रास्तों को पक्का बनाने बारे निवेदन किया था। संदीप मालड़ा ने बताया कि उसके बाद लोकसभा चुनाव की आचार संहिता लग गई थी। चुनाव पूर्ण होने के बाद पुनः मार्केटिंग बोर्ड के मुख्यालय पहुंचकर इन रास्तों का अपडेट लिया, जिसके परिणामस्वरूप इन सभी रास्तों को पक्का करने की प्रशासनिक मंजूरी हरियाणा प्रदेश चुनाव की आचार संहिता लागू होने से पूर्व ही आ गई। प्रदेश सरकार के गठन के बाद बाकी की सभी प्रक्रिया पूरी करने उपरांत अब ठेकेदारों ने इन सभी रास्तों को पक्का बनाने का कार्य प्रारंभ कर दिया है।

संदीप मालड़ा ने बताया कि इन सभी रास्तों के पक्का बनने से दो दर्जन से भी अधिक गांवों के लगभग 50 हजार लोगों को सीधा लाभ होगा। हरियाणा सरकार गांवों में भी शहरों की तर्ज भी सुविधाएं दे रही है। इन सभी रास्तों के पक्का बनने से किसानों को अपनी फसल मंडी तक ले जाने में सुविधा होगी। जिससे उसे फसल के अच्छे दाम भी मिलेंगे।

- रास्तों के पक्का बनने से दो दर्जन से भी अधिक गांवों के लगभग 50 हजार लोगों को सीधा लाभ होगा



महेंद्रगढ़। बास से खुडाना रास्ते को पक्का करने का कार्य शुरू करते हुए। फोटो : हरिभूमि

**13.14 करोड़ की लागत से पांच करम चौड़ाई के 27 किलीमीटर कुल लंबाई के ये रास्ते होंगे पक्के**

- ▶▶ बचीनी से रसूलपुर- 1.05 किमी
- ▶▶ खातीवास से बेरी- 1.25 किमी
- ▶▶ बुचावास मुरली की ढाणी से रसूलपुर- 2.60 किमी
- ▶▶ भगडाना से पाली- 1.25 किमी
- ▶▶ सुरजनवास से भालखी- 3.40 किमी
- ▶▶ पीडब्ल्यूडी रोड ढाढोत से पूर्व सरपंच सुल्तान सिंह की ढाणी- 2.60 किमी
- ▶▶ डुलाना से हरिसिंह की ढाणी- .80 किमी
- ▶▶ पीडब्ल्यूडी सोहड़ी से नावां- 3 किमी
- ▶▶ बास से खुड़ाना- 2.25 किमी
- ▶▶ सुरहेती जाखल से नांवां- 3.97 किमी
- ▶▶ नांवा से ढाणी गुजरान- 3.65 किमी
- ▶▶ पीडब्ल्यूडी रोड बीरसिंह बास से गोपालवास रोड- 1.10 किमी

### पहलगाम के निर्दोष पर्यटकों की याद में विश्वकर्मा मंदिर में रखा मौन-प्रधान देवेंद्र कुमार जांगिड़ ने दी श्रद्धांजलि

नारनौल। पुल बाजार स्थित विश्वकर्मा मंदिर कमेटी द्वारा रविवार को भगवान विश्वकर्मा मंदिर में एक बैठक का आयोजन किया गया, जिसकी अध्यक्षता प्रधान देवेंद्र कुमार जांगिड़ ने की। बैठक में आतंकवादियों द्वारा जम्मू कश्मीर के पहलगाम में धर्म पूछकर निर्दोष पर्यटकों की जो नृशंस तरीके से हत्या की गई, उसकी सभी उपस्थित जांगिड़ बंधुओं ने कड़े शब्दों में भर्त्सना की तथा प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से आतंकवादियों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई करने की मांग करते हुए मारे गए निर्दोष पर्यटकों की आत्मा की शांति में दो मिनट का मौन रखा गया। इसके पश्चात प्रधान देवेंद्र कुमार जांगिड़ के नेतृत्व में बैठक की कार्यवाही शुरू हुई, जिसमें नई कार्यकारिणी का गठन किया गया। सर्वप्रथम रोहताश नंबरदार, चंद्रशेखर एवं प्रकाश चंद को विश्वकर्मा कमेटी नारनौल का संरक्षक बनाया गया।

**Gaurav College of Pharmacy**
Village - Azam Nagar, P.O. Dharsoon Tehsil Narnaul
Distt. Mohindergarh Haryana - 123001
(Recognised by AICTE, PCI Delhi & HSBTE Panchkula, Haryana)
**Walk-in-Interview**
Application are invited for qualified candidates for the post of -
Principal 1, Assistant Professor - 5, Computer Operator - 1
Qualification & Pay scale as per AICTE, PCI Norms
Intersted candidates are required to join the interview with
their required documents as per schedule at college campus
Walk-in from 30.04.2025 & 01.05.2025 at 5.00 Pm.
For New Admission for the session 2025 contact us
Cont. No. 9416065564, 9416063531, 9813391051
e-mail - yadavsatishp@gmail.com